# दीपदान व आतिशबाजी के साथ गणगौर महोत्सव का शुभारंभ आज

- मेला परिसर में 119 दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया जारी,- डोलर और झूले भी लगे
- कल निकलेगी चूंदडी गणगौर की सवारी

**राजसमंद**, (निसं)। नगर परिषद राजसमंद की ओर से आयोजित गणगौर के पांच दिवसीय मेले और महोत्सव का शुभारंभ नव संवत्सर पर रविवार शाम को दीपदान और रात को मेला परिसर बालकृष्ण स्टेडियम में जोरदार आतिशबाजी के साथ होगा।

नगर परिषद सभापति अशोक टांक ने बताया कि गणगौर महोत्सव की शुरुआत चैत्र प्रतिपदा नव संवत्सर पर रविवार शाम को राजसमंद झील के जलधरा घाट पर दीपदान के साथ होगी। इसमें शहर के विभिन्न समाज और संस्थान के लोग भाग लेंगे। इसके बाद शाम 7 बजे से मेला ग्राउण्ड बालकृष्ण स्टेडियम पर भव्य आतिशबाजी की जाएगी। मेले को लेकर नगर परिषद की ओर से मेला परिसर में छोटी और बडी 119 दुकानों का अस्थाई रुप से निर्माण किया गया हैं। इसके साथ ही चाट पकौडी आदि के लिए ठेले वालों को अलग से स्थान उपलब्ध कराए गए हैं। इसको लेकर दुकानों व ठेले के लिए स्थान आवंटन की प्रक्रिया शनिवार के शाम तक जारी थी। वहीं, डोलर, झूले-चकरी आदि भी लगाए जा चुके हैं।

गणगौर महोत्सव के तहत पहली सवारी सोमवार शाम को चूंदडी गणगौर की निकलेगी। इसको लेकर प्रभु श्री द्वारकाधीश मंदिर से मंदिर मार्ग रेती मोहल्ला, बडा दरवाजा, नया बाजार, कांकरोली पुराना बस स्टैंड, मुख्य बाजार, मैन चौपाटी, जेके मोड होते हुए बालकृष्ण स्टेडियम तक की सडक पर पैच वर्क के द्वारा मार्ग को सही करवा दिया गया हैं। इसके साथ ही सवारी के स्वागत में पूरे मार्ग में विभिन्न स्वागत द्वार बनाए गए हैं और लाइटिंग से डेकोरेशन भी किया गया हैं।

गणगौर महोत्सव के तहत सांस्कृतिक मंच पर सोमवार को पहले दिन भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बालोतरा के प्रसिद्ध भजन गायक प्रकाश माली और उनके साथी कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

## नवसंवत्सर को लेकर बैठक सम्पन्न

**डूंगरपुर**, (निसं)। हिंदू नव वर्ष नवसंवत्सर चैत्र प्रतिपदा विक्रम संवत 2082की वेला पर भाविप तिलक शाखा द्वारा आयोजन की रूप रेखा को लेकर प्रकल्प प्रभारी प्रवीण श्रीमाल के निवास पर बैठक प्रांतीय अध्यक्ष गिरीश पानेरी के आतिथ्य में बैठक सम्पन्न हुई। शाखा अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल ने हिंदू नव वर्ष पर आहुत होने वाले आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि नवसंवत्सर प्रकल्प प्रभारी नरेंद्र आर्य के नेतृत्व में प्रात: तहसील चौराहे पर शाखा द्वारा नवसंवत्सर के लिए स्वागत द्वार लगाया जाएगा जिसके नीचे शाखा सदस्य प्रात: 9 बजे आने जाने वाले राहगीरों के ललाट पर तिलक कर उनको मिस्त्री और निम की कोपल खिलाएंगे साथ ही हिन्दू नव वर्ष की बधाईयां देंगे। इसी ऋम में शहर के नए बस स्टैंड पर एक नव संवत्सर,राम नवमी और महावीर जयंती पर्व की शुभकामनाओं का एक बडा होर्डिंग लगवाएंगे। दोपहर ०1 बजे चेटीचंड के पर्व के पर्व में सम्मिलित होने झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी के भी शिरकत करके शाखा सदस्य रामबोला मठ के राममंदिर में होने वाली राम कथा में जायेंगे। इस प्रकार दिन भर नवसंवत्सर के आयोजन होंगे।




## स्वच्छता महाअभियान के अंतिम दिन चमके ऑफिस व अस्पताल

**राजसमंद**, (निसं)। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में जिलेभर में आयोजित हुए तीन दिवसीय स्वच्छता महाअभियान का तीसरे दिन शनिवार को उप अभियान माय ऑफिस-क्लीन ऑफिस और माय हॉस्पिटल-क्लीन हॉस्पिटल के साथ समापन हुआ। साथ ही सभी तालाबों और झीलों की मिशन मोड पर सफाई हुई।

नौ चौकी पाल पर सुबह से ही आयुक्त की मौजूदगी में नगर परिषद की टीमें जुटी रही और पुरानी गंदगी को साफ कर झील को चमकाया। वहीं माय ऑफिस-क्लीन ऑफिस उप अभियान के तहत जिले के समस्त राजकीय कार्यालयों में सुबह से ही कर्मचारियों ने अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया और महीनों या वर्षों से जमा पुराने कचरे को व्यवस्थित रूप से साफ किया। इस बार केवल कार्यालयों के अंदर ही नहीं, बल्कि आसपास के परिसरों और सराउंडिंग क्षेत्रों की भी सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। अभियान के तहत जिला मुख्यालय से लेकर ब्लॉक एवं ग्राम स्तर तक सभी कार्यालय खुले और सफाई की गई। दिनभर कलक्टर असावा इसकी मॉनिटरिंग करते रहे। उपखंडों में उपखंड अधिकारियों ने प्रभावी निगरानी की। इसी तरह माय हॉस्पिटल-क्लीन हॉस्पिटल के तहत समस्त राजकीय चिकित्सालय जैसे जिला चिकित्सालय, उप जिला चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी, उप स्वास्थ्य केंद्र में नगर निकायों, ग्राम पंचायतों, सफाईकर्मी, नरेगा श्रमिक के साथ-साथ जेसीबी, ट्रेक्टर आदि की सहायता से सफाई की गई। स्थानीय लोगों ने भी बढ-चढ कर हिस्सा लिया और अपने नजदीकी अस्पताल में प्रशासन की अपील पर श्रमदान किया।

बीते तीन दिनों में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग और नगरीय विकास विभाग के संयोजन से चल रहे इस अभियान में जिलेभर के नागरिकों ने उत्साही रूप से भाग लिया। नगरों और गांवों में सफाई की दिशा में और अधिक कदम उठाए गए। विशेष रूप से सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड और धार्मिक स्थलों की सफाई पर जोर दिया गया। पुराने कचरे के ढेर और लिगेसी वेस्ट को हटाने का काम तेजी से किया गया।

अभियान के दौरान ग्राम पंचायतों और नगर निकायों के अधिकारियों द्वारा सफाई को बढावा देने के लिए विशेष बैठकें आयोजित की गई। इस मौके पर नागरिकों से संवाद किया गया और स्वच्छता को लेकर उनकी जागरूकता को बढाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। कई सामाजिक संगठनों, एनजीओ, महिला स्वयं सहायता समूहों और अन्य नागरिकों ने अभियान में बढ-चढकर भाग लिया। महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित जूट और कपडे के बैग का वितरण भी जारी रहा।




